बिहार सरकार

बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

आई.ए.एस. संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14.

विज्ञापन सं.-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.)-2023/02 दिनांक- 05.05.2023 bceceboard.bihar.gov.in

BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION (BCECE)-2023
बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (बी.सी.ई.सी.ई.)-2023

1. बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (बी.सी.ई.सी.ई.)-2023 में सम्मिलित होने एवं चयनोपरान्त नामांकन के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से विहित-प्रपत्र में Online आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं :-
   - क. फार्मेसी धारा : सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त बिहार के सरकारी फार्मेसी संस्थानों के डिग्री पाठ्यक्रम ।
   - ख. चिकित्सा धारा : बिहार के सरकारी संस्थानों के फिजियोथेरेपी एवं आकुपेशनल थेरेपी/ बैचलर ऑफ मेडिकल लेबोरेट्री टेक्नोलोजी/ बैचलर ऑफ ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलोजी/ बैचलर ऑफ रेडियो इमेजिंग टेक्नोलोजी / बैचलर ऑफ ऑप्टोमेट्री / बी.एस.सी. (नर्सिंग) एवं अन्य समान पाठ्यक्रम ।
   - ग. कृषि धारा : (i) बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर (भागलपुर) के स्नातक कृषि / स्नातक उद्यान / स्नातक वानिकी पाठ्यक्रमों की 50% सीटें PCM एवं PCB की संयुक्त मेधासूची से भरी जायेंगी एवं शेष 50% सीटें CBA (Chemistry, Biology & Agriculture Sc.)/ (PCA) Physics, Chemistry & Agriculture Sc. / (MBA) Mathematics, Biology & Agriculture Sc. / (MCA) Mathematics, Chemistry & Agriculture Sc. की संयुक्त मेधासूची से भरी जायेंगी। (ii) बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के स्नातक मत्स्य विज्ञान की सीटें संयुक्त मेधासूची के PCB ग्रुप से भरी जायेंगी।
   - घ. विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार सरकार के पत्रांक सं.- वि.प्रा.(।।) व^2-07/2017-800/ पटना, दिनांक 24.02.2023 के आलोक में राज्य के अभियंत्रण महाविद्यालयों अन्तर्गत संचालित स्नातक अभियंत्रण पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में नामांकन हेतु JEE (Main) परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों के दो चक्रों की ऑनलाईन कॉउन्सेलिंग के पश्चात् रिक्त सीटों को बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद द्वारा संचालित बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (बी.सी.ई.सी.ई.)-2023 के PCM Group के अभ्यर्थियों से मेधा-सह-विकल्प के आधार पर दो ऑनलाईन कॉउन्सेलिंग के माध्यम से भरा जायेगा। इनमें ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के अंतर्गत संचालित Dr. APJ Abdul Kalam Womens Institute of Technology, Navodaya Complex, Kameshwar Nagar, Darbhanga की पाठ्यक्रम भी सम्मिलित रहेंगी। नामांकन योग्य अभियंत्रण संस्थानों की विवरणी के लिए सारणी-1A, 1B एवं 1C देखें।
2. Online आवेदन के लिये Registration करने की प्रारम्भिक तिथि **07.05.2023** और अंतिम तिथि **02.06.2023** निर्धारित है।
3. बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा-2023 एक चरण में आयोजित की जायेगी । परीक्षा आयोजित करने की तिथि यथासमय सूचित किया जायेगा।
4. पर्षद के Website: bceceboard.bihar.gov.in पर बी.सी.ई.सी.ई.-2023 की उपलब्ध विवरण पुस्तिका में अभ्यर्थियों के लिए योग्यता/ अर्हता/ संस्थानों / पाठ्यक्रमों से सम्बन्धित विस्तृत विवरण एवं आवश्यक निर्देशों को देखा जा सकता है।

Online आवेदन प्रक्रिया / विशेष जानकारी के लिए विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.)-2023/01 दिनांक 05.05.2023 पर्षद के वेबसाईट bceceboard.bihar.gov.in पर देखें।

परीक्षा नियंत्रक